चित्रकूट धार्मिक स्थल ही नहीं, सनातन संस्कृति

सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का है जीवंत केंद्र : डॉ. यादव

भोपाल(काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चित्रकूट केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, हमारी सनातन संस्कृति, सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत केंद्र है। यह परमधाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली है, जहां भगवान श्रीराम, माता जानकी और भैया लखन के साथ सदा सर्वदा निवास करते हैं।

रामनवमीं के दिन मैं तपोभूमि चित्रकूट में आकर धन्य हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को श्रीराम प्राकट्य पर्व एवं चित्रकूट गौरव दिवस कार्यक्रम में दीपदान किया। उन्होंने मां मंदाकिनी की पूजा-अर्चना भी की।

डॉ. यादव ने मंदाकिनी के तट पर भरत घाट में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली है। आज पवित्र नौवीं तिथि है और कामतानाथ जी की नगरी चित्रकूट अपना गौरव दिवस मना रही है। चित्रकूट के घाटों पर असंख्य दीपदान की अलौकिक छटा दिख रही है। भरत घाट, कामदगिरि पर्वत, कामतानाथ स्वामी मंदिर के साथ चित्रकूट के सभी मंदिरों और घर-घर एवं गली, मोहल्लों, रास्तों में दीपमालाओं की अनुपम छटा देखते ही बन रही है। उन्होंने नगर वासियों को रामनवमीं एवं चित्रकूट गौरव दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में सद्गुरु सेवा ट्रस्ट, दीनदयाल शोध संस्थान के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए नाना जी के संकल्पों को पूरा किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 19 धार्मिक स्थलों में एक अप्रैल से शराबबंदी लागू कर दी गई है, जिससे

मुख्यमंत्री ने चित्रकूट के भरत घाट में किया दीपदान

हमारे देव स्थानों में विकृतियां न पनपें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है। सर्वसम्मति से जो भी निर्णय हो रहे हैं उसे पूरा देश स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि गरीब मुस्लिम भाई-बहनों के लिए संसद में चर्चा व विचार-विमर्श के बाद वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति मिली है जो हमारे लोकतंत्र की खूबी को दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासी त्यौहार में शुभ संकल्प लें और प्रदेश के विकास के लिए समवेत हों।डॉ. यादव ने चित्रकूट के गौरव दिवस पर कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंग वस्त्रम पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद सतना श्री गणेश सिंह ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि यह परम सौभाग्य है कि चित्रकूट की पावन धरा में श्रीराम के प्राकट्य पर्व और चित्रकूट गौरव दिवस के आयोजन में मुख्यमंत्री जी का आगमन हुआ है। गौरव दिवस पर मां मंदाकिनी के भरत घाट सहित चित्रकूट में 11 लाख दीपों से धर्मनगरी जगमगा उठी। इस अवसर पर रंगोली बनाकर लोगों ने अपने उत्साह का परिचय दिया। चित्रकूट गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, डीआरआई के संगठन सचिव श्री अभय महाजन, पद्मश्री से सम्मानित श्री बीके जैन, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, प्रबल श्रीवास्तव सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी, श्रद्धालु व आमजन उपस्थित रहे।

श्रीराम प्राकट्य पर्व और चित्रकूट के गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दो महिला रशियन पर्यटक नेली और नताल्या भी पहुंची। उन्होंने चित्रकूट की धर्मनगरी में आयोजित कार्यक्रम को भव्य और उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट की धर्मनगरी में रामनवमीं के दिन यह आना सौभाग्यशाली रहा।डॉ. यादव ने चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के प्राचीन मुखारबिंद के दर्शन कर आरती की। उन्होंने भगवान कामतानाथ से प्रदेश की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सांसद श्री गणेश सिंह, विधायक चित्रकूट श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, डीआरई के संगठन सचिव श्री अभय महाजन सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. यादव चित्रकूट में कामतानाथ भगवान के प्राचीन मुखारविंद के दर्शन करने के बाद पूजन सामग्री दुकान में छात्रा मनोरमा से आत्मीयता से मिले। उनसे मिलकर मनोरमा खुशी से अभिभूत हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मनोरमा से उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह स्कूल जाती है और खाली समय में पिताजी की दुकान में उनका हाथ बटाती हैं। मुख्यमंत्री ने मनोरमा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टीः शर्मा

भोपाल (काप्र)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के स्थापना दिवस पर रविवार को प्रदेश कार्यालय में भारतमाता एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पार्टी का ध्वज फहराया। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की एवं एक-दूसरे को बधाईयां दी। श्री शर्मा ने देश-प्रदेश के नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

श्री शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन है। जनसंघ के बाद 1980 में 6 अप्रैल को ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई थी। मुंबई में पार्टी के पहले अधिवेशन को संबोधित करते हुए स्व.

अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में स्व. अटलजी का यह सपना साकार हो रहा है। देश के हर क्षेत्र में कमल खिला है। पंच-सरपंच से लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति तक भाजपा के नेता हैं। करोड़ों कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गई है।

श्री शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का जो विचार पार्टी को दिया था, उसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यथार्थ में बदल रहे हैं। एक गरीब मां के बेटे श्री मोदी के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव आया है और देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री गरीबों के मसीहा के रूप में उभरे हैं। आज पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी कार्यकर्ता ये संकल्प लें कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में अंतिम व्यक्ति के कल्याण लिए जो अभियान चल रहा है, उसे आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होकर काम करेंगे। श्री शर्मा ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी के अरेरा मंडल के वार्ड 45 के बूथ क्रमांक 159 के प्राथमिक सदस्यों के सम्मेलन में बूथ अध्यक्ष गोविन्द सिंह माउडी का अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया और सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना जनसंघ के रूप में बलिदानों के आधार पर हुई।

देश के पहले प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने जब कश्मीर में धारा 370 लगाकर दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का प्रावधान किया तो उनके मंत्रिमंडल के सदस्य डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने उसका विरोध किया और इस्तीफा देकर जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने कश्मीर जाकर सत्याग्रह किया और जेल में उनकी हत्या कर दी गई। पार्टी को अंत्योदय का विचार देने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय उत्तरप्रदेश के नगला चंद्रभान में जिस झोपड़ी में जन्मे थे, उसे देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आंखें नम हो गई थीं।

उन्होंने संकल्प लिया कि देश में कोई गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत हुई। प्रदेश कार्यालय में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री चेतन कश्यप, श्रीमती कृष्णा गौर, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह जादौन, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व सांसद श्री आलोक संजर, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, सुधीर अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता डॉ हितेष वाजपेयी, मिलन भार्गव, डॉ गुलरेज़ शेख, सुश्री नेहा बग्गा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, एस. एस उप्पल सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा विचार आधारित राजनीतिक दल है, विचारों से कभी समझौता नहीं कियाः हितानंद

भोपाल (काप्र)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी की स्थापना दिवस पर रविवार को अशोक नगर जिला कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और ढाकोनी मंडल के ग्राम धुर्रा बूथ क्र. 54 में बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित राजनीतिक दल है।

हमारी पार्टी ने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। पार्टी का स्थापना दिवस संगठन के महापुरुषों के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। स्थापना दिवस पर्व कठिन परिस्थितियों में भी दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने का साहस, संयम एवं समन्वय का अभूतपूर्व संचार करने के साथ हमारा मार्गदर्शन करता है। भाजपा धारा 370, राम मंदिर जैसे हर संकल्पों को पूरा कर रही है और जनता से किए एक-एक वादे को पूरा करती है।

श्री हितानंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का पहला राजनीतिक दल है। हमारी पार्टी ने सदैव राष्ट्र प्रथम मानकर कार्य किया और राष्ट्रवादी विचारों को अंगिकार किया और आज तक अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। भाजपा जनसंघ के समय से लेकर आज तक के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से आज एक विशाल वट वृक्ष जैसी पार्टी बन गई है। एक समय था, जब पार्टी के देश में सिर्फ दो सांसद थे, तब कई राजनीतिक दलों के नेता हमारे ऊपर हंसते थे कि दो सांसदों का राष्ट्रीय राजनीतिक दल है। लेकिन आप सभी कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत व निष्ठा से ही भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। विश्व में सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली भाजपा आज देश का विकास करने के साथ अंत्योदय के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस दौरान पूर्व सांसद डॉक्टर कृष्णपाल सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राव अजय प्रताप सिंह यादव एवं पूर्व विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश के सभी 65 हजार 14 बूथों पर प्राथमिक कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

पेज एक से जारी खबरों के शेष...

पिछली सरकार की...

पर्यटन दोनों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। केंद्र तमिलनाडु में बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में चिंतित है।श्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने तमिलनाडु को पिछली सरकारों की तुलना में अधिक धनराशि आवंटित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने तमिलनाडु को पिछली सरकारों द्वारा किए गए आवंटन की तुलना में तीन गुना धन आवंटित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दस वर्षों में तमिलनाडु के लिए रेलवे परियोजनाओं के लिए आवंटन में सात गुना वृद्धि की गई है। द्रमुक के आरोप, केंद्र ने तमिलनाडु की उपेक्षा की है और उचित धनराशि तथा नई परियोजनाएं आवंटित नहीं कर रहा है का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इन सबके बावजूद, कुछ लोग रो रहे हैं कि केंद्र ने तमिलनाडु के लिए कुछ नहीं किया है।

कानून के अनुसार...

भारत में जारी रहा। उन्होंने कहा कि आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने तीन तलाक को खत्म करके एक ऐतिहासिक कदम उठाया, जिससे मुस्लिम महिलाओं को सशक्त और स्वतंत्र बनाया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने कई ऐतिहास निर्णय लिये हैं, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि 1987-88 में पालमपुर के अधिवेशन में आडवाणी जी की अध्यक्षता में एक प्रस्ताव पारित हुआ कि हम राम जन्मभूमि मंदिर बनने के रास्ते को प्रशस्त करेंगे। आपने देखा लंबी लड़ाई के बाद आज भव्य राम मंदिर बना। 1965 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने एकात्म मानवदर्शन का व्याख्यान दिया था। उन्होंने कहा कि हमारा उस समय मजाक उठता था क्योंकि कार्ल मार्क्स के चश्मे से देखने वाले लोग एकात्म मानववाद सोच सके ये कल्पना से बाहर था और कांग्रेस का धीरे-धीरे वैचारिक पतन शुरू हो चुका था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एकात्म मानववाद को आगे बढ़ाया और श्री मोदी के नेत्तृव में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के रूप में अंत्योदय को आगे बढ़ाया गया। हम वोट के खातिर इधर से उधर डिगे नहीं, सत्ता पाने के लिए हमने विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा अकेली राजनीतिक पार्टी है, जिसने वैचारिक अधिष्ठान को अडिग रखा है और उसी की ताकत से आगे बढ़ रही है। हम सब लोग राष्ट्र के पुनर्निर्माण में एक राजनीतिक आंदोलन के रूप में इस सफर में अपने-आप को शामिल करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा किसी व्यक्ति या विशेष हितों के पक्ष में काम किए बिना राष्ट्र को हर चीज से ऊपर रखा है।

नक्सलियों के खिलाफ...

शाह ने कहा कि नक्सलवाद के कारण कई पीढ़ियां बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद फिर से जड़ न जमा पाए इसलिए इसका समूल नाश होना आवश्यक है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई को कमजोर नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि एक राज्य से दूसरे राज्य में भाग रहे नक्सलियों को पकड़ने के लिए राज्य पुलिस और केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियाँ में समन्वय और बेहतर होना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रशासन से नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने के लिए बनाई गई 'नियद नेल्लानार' को सुरक्षा बलों के शिविरों के पांच किलोमीटर के दायरे से बढ़ाकर 10 किलोमीटर करने का निर्देश दिया। श्री शाह ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की जनता को विकास के समान अवसर मिले। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान की गति किसी भी सूरत में कम नहीं होना चाहिए।

भारत ने न्याय की...

कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों अधिनियम, 2019 और नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 जैसे विधेयक समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं। इस संदर्भ में, उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के लिए संसद द्वारा पारित नए श्रम कानूनों और संहिताओं का भी उल्लेख किया। इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, श्री बिरला ने कहा कि भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। विकास और सामाजिक न्याय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में संसदीय समितियों के कामकाज का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विभिन्न संसदीय समितियाँ, जिन्हें अक्सर मिनी संसद कहा जाता है, संसद और सरकार के प्रयासों के लिए पूरक कार्य करती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता समितियाँ, महिला अधिकारिता समिति, श्रम और कौशल विकास समिति और अन्य विविध समितियाँ कल्याणकारी कार्यक्रमों की निगरानी करती हैं, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावशीलता और जवाबदेही के साथ होता है।

कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर भाजपा के संस्थापकों को याद किया

भोपाल (हिनप्र)। भाजपा संतनगर मंडल ने पार्टी के स्थापना दिवस मनाया। मंडल के प्रत्येक बूथ पर शक्ति केंद्र संयोजकों और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भारतीय जनता पार्टी संतनगर मंडल ने मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी के नेतृत्व में भाजपा के संस्थापकों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्तियों पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितैषी नीतियों और योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रमों में जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, राहुल राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश इसरानी, कमल विधानी, शेट्टी चंदनानी, राजेश हिंगोरानी, सूरज यादव, बबलू चावला, किशन अच्छानी, महेश खटवानी, सुमित अहूजा, हर्षित दुबे, उमेश नगर, रामनारायण मांझी, गुड्डू मेहरा, प्रदीप मैहर, शिव मिश्रा, कंवर नगर गौरव सोनी, नरेंद्र विष्ठ, मिक्की दास, जीतेन्द्र राठौर, बाबू उरिया, संदीप पाटिल, किशोर साधवानी, राजू थवानी, प्रदीप मेवाड़ा, दीपक मेहर और अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

टैंपल ऑफ संबोधि में प्रभु राम का जन्मोत्सव मना

भोपाल (हिनप्र)। हमें हर पल भगवान को याद रखना चाहिए, चाहे सुख हो या दुख, हमें हमेशा प्रभु से प्रेम करना चाहिए। यह विचार टैंपल ऑफ संबोधि में रामनवमी पर आयोजित कार्यक्रम में वेदांत विचारक लालसाईंजी ने व्यक्त किए। इसके अलावा भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर संतनगर के मंदिरों में कार्यक्रम हुए।साईंजी और उनके अनुयायियों ने रामनवमीं पर विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया। सत्संग सभा में साईंजी ने कहा कि प्रभु भी हमेशा हमें याद रखते हैं और यदि ईश्वर हमें भूल जाएंगे तो हमारे जीवन की डोर समाप्त हो जाएगी। संत जी ने भक्तों को अच्छे और सेवा के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम जितना अधिक सेवा कार्य करते हैं, उतना ही हमारा कर्म शुद्ध होता है और हम ईश्वर के करीब आते हैं। साईं ने कहा कि सेवा करने से हमारे जीवन में कष्ट नहीं आते हैं और आने वाले कष्ट भी दूर हो जाते हैं। टैंपल ऑफ संबोधि में पिछले नौ दिनों से भक्त भक्ति रस में डूबे हुए थे। संतनगर के बी वार्ड स्थित मढ़ी, लच्छू माता मंदिर, मां आशापुरा दरबार और जगत जननी दरबार में भी रामनवमी का पर्व मनाया गया।

हनुमान जंयती पर एक शाम बालाजी के नाम होगी

भोपाल (हिनप्र)।बजरंग सेना समिति द्वारा हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। रविवार को समिति पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में तय किया गया कि कार्यक्रम 11 अप्रैल को शाम 7 बजे सिंधु समाज स्कूल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भजन संध्या एक शाम बालाजी के नाम का आयोजन होगा। बैठक में मुख्य सलाहकार रूप कुमार सोनी और सलाहकार प्रभु मूलचंदानी ने प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य के प्रति जिम्मेदारी सौंपी।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं अतुल कुमार खरे निवासी 62 रीगल कस्तूरी रीगल टाउन अवधपुरी भोपाल के नाबालिग पुत्र अथर्व खरे (Atharv Khare) का पूर्व नाम अथर्व खरे (Atharva Khare) था अब सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम अथर्व खरे (Atharv Khare) पिता श्री अतुल कुमार खरे से जाना व पहचाना जाएगा।

42

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा. नि. मं. 04 बाबड़ियाकला तहसील-कोलार जिला भोपाल म.प्र

रा.प्र. कं. 354 अ-12/2023-24
ग्राम नाम बाबड़ियाकला

सूचना-पत्र

प्रति, 1. श्रीमती शीला गुप्ता पति रामकृष्णा गुप्ता स्वाती ना. बा. नि. भोपाल, 2. श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव पति शैलेन्द्र श्रीवास्तव एवं अभिलाष भटनागर नि. भोपाल, 3. डा. ज्योति गोस्वामी पत्नी डॉ. प्रमोद कुमार गोस्वामी निवासी ई-3/76 अरेरा कालोनी भोपाल, 4. श्री सत्यप्रिय आ. आगम स्वरुप निवासी भोपाल सर्वे साधारण को सूचनार्थ **विषयः** सीमांकन किये जाने हेतू बाबत् **सूचना-पत्र** एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक, श्रीमती/श्री आर. के. गुप्ता पिता श्री आर. डी. गुप्ता निवासी शाहपुरा भोपाल द्वारा ग्राम, बावडियाकला प.ह.नं.18 में स्थित खसरा नंबर 16/17/2/12 रकबा 0.1540 हेक्टर भूमि का सीमाकंन हेतु आवेदक पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमाकंन मेरे द्वारा दिनांक 8/4/25 को समय 4.00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एंव अनुषागिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमाकंन कार्य रोका नहीं जावेगा बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नही होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमाकंन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमि स्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन समाचार पत्र मे कराया जा सकता है। आज दिनांक 3/4/25 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार, जिला भोपाल
56

THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHO PAL
DRB/795, 21.7.98
ADD : SOCIETY OFFICE AT SANJEEV NAGAR
For Gate Shiv Mandir, Development of Pedestal, Repair of Stairs and Construction of Fountain at Sanjeev Nagar Bhopal.

1. Name of Works	:	For Gate Shiv Mandir, Development of Pedestal, Repair of stairs and Construction of Fountain at Sanjeev Nagar Bhopal.
2. Estimated Cost	:	Rs. 3,98,117/-
3. EMD	:	RS. 4,000/-
4. Time for completion	:	3 Months (Including rainy season)
5. Date of purchasing tender form	:	Up to 5.00 PM Date
6. Date of Submitting of tender form:		Up to 3.00 PM Date
7. Date of opening tender form	:	5.00 PM Date
8. Cost of tender form	:	Rs. 500.00
9. Address	:	Society office at Sanjeev Nagar, Bhopal
10. Mobile No.	:	9425021704

PRESIDENT
THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL
55

THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL
DRB/795, 21.7.98
ADD : SOCIETY OFFICE AT SANJEEV NAGAR
For Improving facia of Shiv Mandir at Sanjeev Nagar, Bhopal.

1. Name of Works	:	For Improving facia of Shiv Mandir at Sanjeev Nagar, Bhopal.
2. Estimated Cost	:	Rs. 3,66,548/-
3. EMD	:	RS. 3,700/-
4. Time for completion	:	3 Months (Including Rainy season)
5. Date of purchasing tender form	:	Up to 5.00 PM Date
6. Date of Submitting of tender form	:	Up to 3.00 PM Date
7. Date of opening tender form	:	5.00 PM Date
8. Cost of tender form	:	Rs. 500.00
9. Address	:	Society office at Sanjeev Nagar, Bhopal
10. Mobile No.	:	9425021704

PRESIDENT
THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL
53

THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL
DRB/795, 21.7.98
ADD : SOCIETY OFFICE AT SANJEEV NAGAR
For Construction of Shiv Mandir Store Room at Sanjeev Nagar Bhopal.

1. Name of Works	:	For Construction of Shiv Mandir Store Room at Sanjeev Nagar Bhopal.
2. Estimated Cost	:	Rs. 5,61,000/-
3. EMD	:	Rs. 5,600/-
4. Time for Completion	:	3 Months (Including rainy season)
5. Date of Purchasing tender form:		Up to 5.00 PM Date
6. Date of Submitting of tender form	:	Up to 3.00 PM Date
7. Date of Opening tender form	:	5.00 PM Date
8. Cost of Tender form	:	Rs. 500.00
9. Address	:	Society office at Sanjeev Nagar Bhopal
10. Mobile No.	:	9425021704

PRESIDENT
THE BHOPAL POLICE KARMACHARI GRIH NIRMAN SAHKARI SANSTHA MARYDIT, BHOPAL
54